देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 169 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...स्थायी सदस्यता पर भारत के दांवे



देहरादून, मंगलवार, 6 अक्टूबर 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 पाक में हिंदू किशोरी का अपहरण, गैंगरेप

7 हमने छोटी–छोटी चीजों को सही किया

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकियों ने सीआरपीएफ जवानों पर किया हमला, 2 शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में आतंकवादियों के हमले में सीआरपीएफ के पांच जवान घायल हो गए, जिनमें से 2 शहीद हो गए हैं। आतंकियों ने पम्पोर बाइपास के पास रोड ओपनिंग पार्टी पर हमला किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आतंकवादियों ने श्रीनगर के नौगाम इलाके में जवानों के दल पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। हमले के बाद घायल जवानों को आर्मी के बेस हॉस्पिटल ले जाया गया। आतंकवादियों की इस कायराना हरकत के बाद हाइवे पर यातायात का संचालन रोक दिया गया है। हमलावरों की तलाश में पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है।

### विपक्षी दल यूपी में दंगों का सपना देख रहे थेः योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है कि असामाजिक और राष्ट्रविरोधी तत्त्व यूपी के विकास को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। इसीलिए वे अब साजिश रच रहे हैं। योगी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे देश के विकास के लिए खुद को समर्पित करें। योगी का कहना था, हमारे विरोधी अंतरराष्ट्रीय फंडिंग के जरिए जाति और संप्रदाय पर आधारित दंगों की नींव रखकर हमारे खिलाफ साजिश कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से विपक्षी दल दंगे देखना चाहते थे।

### साजिश के तहत बिगाड़ा जा रहा माहौलः एडीजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोमवार को हाथरस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एडीजी प्रशांत कुमार ने कहा कि एक षड्यंत्र और साजिश के तहत राज्य का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। हम सबूतों के आधार पर कार्रवाई कर रहे हैं। कई एजेंसियां इस मामले में जांच कर रही हैं। एडीजी प्रशांत कुमार ने कहा, हाथरस में पीड़िता के भाई के बयान और एफआईआर के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# दो मोर्चे पर जंग को तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■लद्दाख ही नहीं बल्कि कई अहम जगहों पर तैनात हैं वायुसेना के जेट

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव के बीच एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने कहा कि वायुसेना दो मोर्चे पर जंग के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि एयरफोर्स किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने के साथ जीत हासिल करने के लिए हर वक्त तैयार रहती है। एयर चीफ ने कहा कि वायुसेना चीन की किसी भी नापाक हरकत का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**सलाना पीसी में वायुसेना चीफ** भदौरिया ने कहा कि लद्दाख ही नहीं कई ऑपरेशनल इलाके में वायुसेना ने लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रखी है। उन्होंने कहा, लद्दाख तो काफी छोटा इलाका है। हमने कई ऑपरेशनल इलाके में अपनी तैनाती कर रखी है ताकि किसी भी आपात स्थिति में हम तुरंत ऐक्टिव हो पाएं। जहां तक चीन को चुनौती देने की बात है, हां हम उन्हें किसी भी वक्त चुनौती दे सकते हैं। उन्होंने कहा, हम किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं और देश की जीत दिलाएंगे।

**नर्थ ईस्ट में भी जबरदस्त तैनाती**

नॉर्थ ईस्ट में वायुसेना की तैनाती के सवाल एयरचीफ ने कहा, हमारी वहां पर्याप्त तैनाती है। चिनूक की तैनाती वहां की जा चुकी है। इस इलाके में भी हमारी योजना तैयार है। यहां पर हमारी क्षमता का सवाल है तो, हम काफी मजबूत हैं। ढांचा भी मजबूत है। जहां तक इस इलाके में नंबर का सवाल है तो मेरा जवाब होगा कि नहीं लेकिन यह वायुसेना की ताकत है कि जब भी कहीं जरूरी होता है, हम विमानों की तैनाती तुरंत करते हैं।

**लद्दाख में अगले 3 महीने में क्या होगा?:** एयरचीफ ने कहा कि अभी विवादित इलाकों से सैनिकों को हटाने की प्रक्रिया पर बात चल रही है। मौजूदा प्रोग्रेस धीमा है। जाड़े में हमने एलएसी पर पूरी तैनाती कर रखी है। उम्मीद करते हैं कि बातचीत से कोई हल निकल पाए। हम जमीनी स्थिति के आधार पर फैसला करते हैं।

**डायरेक्ट एनर्जी वेपन पर दिया यह जवाबः** एयरचीफ से जब डायरेक्ट एनर्जी वेपन पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी इसपर डीआरडीओ काम शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि जबतक 5वीं पीढ़ी का विमाना आएगा तबतक हम चाह रहे हैं कि 6ठी पीढ़ी की तकनीक भी शामिल हो। उन्होंने कहा, इसके लिए डायरेक्ट एनर्जी आना जरूरी है। अगले 15–20 साल में हम इसमें सफल हो पाएंगे। इस तकनीक में एंटी मिसाइल तकनीक शामिल हो सकती हैं। हम चाहते हैं कि 5वीं पीढ़ी के एयरक्राफ्ट में 6ठी पीढ़ी की तकनीक भी शामिल हो। यह सबसे बेहतरीन रिजल्ट होगा।

## एयरचीफ बोले, लद्दाख में चीन को मिला है माकूल जवाब

### चीन को अबतक मिला है माकूल जवाबः भदौरिया



एयरचीफ ने कहा कि हमे मई में चीन की हरकतों का अहसास हुआ था। जैसे ही चीन ने हरकत की हमने उसी के अनुसार कार्रवाई की। वायुसेना और सेना की कार्रवाई वैसी ही थी। उन्होंने कहा, चीनी सैनिक इस समय हर साल आते थे लेकिन इसबार उन्होंने अलग हरकत की। जैसे ही हमें पता चला हमने तुरंत और बेहतरीन कार्रवाई की। बढ़ते तनाव के बीच हमने एलएसी पर सैनिकों की तैनाती की। सेना को जिस चीज की जरूरत थी, वायुसेना ने उसे पूरा किया।

# कोविड पर जनजागरूकता अभियान चलाया जायः सीएम

## निर्देशः जागरूकता सबंधी गतिविधियां एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाय

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि कोविड–19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाय। विभिन्न माध्यमों से जागरूकता सबंधी गतिविधियां एवं विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाय। लेख, कविता, वॉल पेंटिंग, स्लोगन और अन्य गतिविधियों पर प्रतियोगिताएं की जाय। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में पुरस्कार भी दिये जायेंगे। ये पुरस्कार राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सीएम द्वारा प्रदान किये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग कोरोना संक्रमित हुए थे, इन कोविड विनर के अनुभवों पर आधारित छोटी–छोटी स्टोरी बनाई जाय। कोविड पर जागरूकता के लिए प्रदेश की प्रमुख हस्तियों के वीडियो एवं ऑडियो क्लिप बनाई जाय।

### लघु फिल्में बनाकर प्रसारित किया जाय

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोराना से बचाव हेतु सामान्य दिशा–निर्देश, पर्यटकों के लिए सूचना, होम आईसोलेशन पर लघु फिल्में बनाकर उन्हें प्रसारित किया जाय। परिवहन निगम की बसों में पोस्टर एवं जागरूकता हेतु रिकार्डेड मैसेज की व्यवस्था की जाय। सभी विभाग अपने सोशल मीडिया एकाउंट फेसबुक पेज को नियमित शेयर करें और सूचना विभाग द्वारा बनाये गये क्रियेटिव को भी अपने एकाउंट पर भी पोस्ट करें। विभिन्न सरकारी भवनों पर वाल राइटिंग, भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर कोरोना से बचाव हेतु जागरूकता के लिए एनाउंसमेंट की व्यवस्था की जाय।

कोविड से बचाव के लिए प्रत्येक जनपद में अलग–अलग थीम पर जागरूकता अभियान चलाया जाए। प्रदेश में पर्यटन की गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं, आर्थिक गतिविधियां भी चलती रहे और लोगों में संक्रमण का खतरा भी न हो। इसके लिए मास्क के उपयोग, सामाजिक दूरी एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की गाईडलाईन के अनुसार जागरुकता के लिए होटलों, सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर, बैनर, स्टिकर एवं ऑडियो–वीडियो मैसेज के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया जाय।

सीएम ने कहा कि कोविड से बचाव के लिए जागरूकता अभियान में सूचना एवं लोक संम्पर्क विभाग द्वारा सभी विभागों से समन्वय बनाकर प्रचार–प्रसार किया जाए। खेल, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, संस्कृति, पुलिस एवं जन सम्पर्क वाले अन्य विभागों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी। शेष पेज 8 पर..

# देश में 66 लाख के पार कोरोना मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 74,442 नए मामले सामने आए हैं जबकि 903 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही देश में इस बीमारी के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 66,23,816 हो गई है। कोरोना मामले की बढ़ती रफ्तार के बीच गुड न्यूज ये है कि देश में रिकवरी दर 84.34 प्रतिशत पहुंच गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, मृत्यु दर 1.55 प्रतिशत पर आ गई है। जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार, 20 सबसे प्रभावित देशों में से भारत में मृत्यु दर सबसे कम है, जबकि मैक्सिको में सबसे ज्यादा 10.4 प्रतिशत और ब्रिटेन में 8.8 प्रतिशत है। कुल मामलों में से वर्तमान में 9,34,427 सक्रिय हैं। 55,86,703 को ठीक होने के बाद अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है जबकि 1,02,685 इस बीमारी से जान गंवा चुके हैं।

महाराष्ट्र कुल 14,43,409 मामलों के साथ देश में सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में शीर्ष पर है जिसमें 38,084 मौतें शामिल हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और दिल्ली हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने रविवार को एक ही दिन में 9,89,860 नमूनों की जांच की जिससे अब तक जांच हुए कुल नमूनों की संख्या बढ़कर 7,99,82,394 हो गई।

### कोरोना अपडेट



■कोविड–19 पर गुड न्यूज भी है, रिकवरी रेट 84 प्रतिशत के पार

■देश में कोरोना के कारण 1 लाख के ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# भारत ने टेस्ट किया 'समुद्री ब्रह्मास्त्र'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

650 किलोमीटर दूर मौजूद पनडुब्बी उड़ा देगा

नई दिल्ली। भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक और सफलता हासिल की है। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने बेहद खास वेपन सिस्टम का टेस्ट किया है। ओडिशा के वीलर कोस्ट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो का सफल फ्लाइट टेस्ट हुआ। यह एक ऐसा सिस्टम है जिसमें टॉरपीडो के साथ मिसाइल भी होती है। एंटी–सबमरीन वारफेयर में यह तकनीक भारतीय नौसेना की ताकत को कई गुना बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी इसे अनूठी क्षमता करार दिया है। D;k g SMART ?: यह एक तरह की सुपरसोनिक एंटी–शिप मिसाइल है। इसके साथ एक कम वजन का टॉरपीडो लगा है जो पेलोड की तरह इस्तेमाल होता है। दोनों मिलकर इसे एक सुपरसोनिक ऐंटी–सबमरीन मिसाइल बना देते हैं। पूरी तरह डेवलप होने पर इस वेपन सिस्टम की रेंज 650 किलोमीटर होगी। इतनी ज्यादा रेंज वाले सिस्टम की मौजूदगी भारतीय नौसेना को दुनिया की सबसे खतरनाक नौसेनाओं की लिस्ट में और ऊपर पहुंचा देगी।